आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज गोरखपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। यह समाज से बुराइयों और कुरीतियों को समाप्त करती है। उपराष्ट्रपति ने नवनिर्मित स्कूल के बुनियादी ढांचे की सराहना करते हुए कहा कि इस सैनिक स्कूल में श्रेष्ठ सुविधाएं हैं, जो देश के अन्य सैनिक स्कूलों और मिलिट्री स्कूलों के लिए एक उदाहरण है।

पूर्वांचल कितना महत्वपूर्ण अंग है उत्तर प्रदेश का और यहां की प्रथम सैनिक स्कूल और ऐसी सैनिक स्कूल जिसका ढांचा अद्भुत है मैं सैनिक स्कूल में पला–बढा हूं। मैंने अनेक स्कूलों में जाकर, मिलिट्री स्कूल में जाकर ढांचा देखा है आपने जो करिश्मा यहां किया है वह भविष्य की पीढ़ी का निर्माण का एक रास्ता है जो पूरे देश को दिखाएगा।

राज्य सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर नेपाल, पश्चिमी बिहार और पूर्वांचल क्षेत्र में रहने वाली लगभग तीन करोड़ की आबादी के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का केंद्र है।

गोरखपुर विभिन्न क्षेत्रों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास को नई पहचान दे रहा है और यह अब एक स्वप्निल स्थल है। यह सैनिक स्कूल क्षेत्र के शिक्षा परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

समारोह में शामिल होने के बाद उपराष्ट्रपति अपनी पत्नी के साथ गोरखनाथ मंदिर गये और वहां गुरू गोरक्षनाथ का दर्शन–पूजन किया। मंदिर में मुख्यमंत्री ने उन्हें और उनकी पत्नी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गोरखपुर से उपराष्ट्रपति चित्रकूट गये। वहां उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा विषय पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया।

****

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से तेरह सितंबर से दक्षिण–पूर्व एशिया के देश मलेशिया के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू हो जाएगी। इस उड़ान के जरिए लखनऊ से मलेशिया की राजधानी कुआलालमपुर पहुंचना आसान हो जाएगा। जानकारी देते हुए लखनऊ एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि लखनऊ से सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुद्धवार और शुक्रवार को सुबह दस बजे उड़ान भरी जाएगी। कुआलालमपुर से वापसी में फ्लाइट लखनऊ के एयरपोर्ट पर रात नौ बजकर पच्चीस मिनट पर पहुंचेगी। प्रवक्ता ने बताया कि इसे लेकर लखनऊ हवाई अड्डे से अंतराष्ट्रीय उड़ान की संख्या बीस हो जाएगी।

****

प्रदेश में कलाकारों की तरह साहित्यकारों को भी पेंशन दी जायेगी। साठ वर्ष की आयु पूरी कर चुके साहित्यकारों को पेंशन के रूप में प्रतिमाह दो हजार रूपये मिलेंगे। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कवि कुंभ में इसकी घोषणा की।

****

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो हजार पच्चीस के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि इस महीने की पंद्रह तारीख है। यह पुरस्कार हर साल जनवरी में महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं और इस साल छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस पर इनकी घोषणा की जाएगी।

****

प्रदेश भर में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक इस पर्व पर लोग भगवान गणेश की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। इस अवसर पर वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने भगवान गणेश की विधि–विधान से पूजा की। अमरोहा में आज से छः दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के आयोजन की शुरूआत हुयी। जिले के बेगम सराय स्थित भगवान श्री गणेश की मूर्ति की स्थापना के बाद आरती के साथ उत्सव शुरू हुआ। बहुत से श्रद्धालु अपने घरों में सुख और समृद्धि के देवता भगवान गणेश की प्रतिमा को स्थापित कर चतुर्थी पूजन कर रहे हैं।

****

हाथरस जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग तिरानबे पर चन्दपा थाना क्षेत्र में मीतई गांव के पास कल हुई रोडवेज की एक बस और चारपहिया वाहन में आमने–सामने की टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में चारपहिया वाहन में सवार चार बच्चों सहित सत्रह लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। मरने वालों में एक ही परिवार के पन्द्रह लोग शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि चारपहिया वाहन में सवार लोग त्रयोदशी संस्कार में शामिल होकर आगरा के खन्दौली क्षेत्र के गांव सेमरा वापस लौट रहे थे। वहां के जिलाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना ओवरटेक करने के प्रयास में हुयी। उधर, राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में हुई लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

****